दुकान में युवक फंदे पर झूला, मौके पर मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

रेवदर। मुख्य बाजार स्थित बाबे रेडिमेड में एक युवक ने फंदे में झूलकर अपनी जान दे दी। घटना गुरुवार सुबह करीब सात बजे की है। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल मोर्चरी में पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर अंतिम संस्कार के लिए शव सौंप दिया। रेवदर थानाधिकारी कपूराराम ने बताया कि परिवार के मौजूदगी में घटना स्थल की फोटोग्राफी कर शव को एबुलेंस के जरिए रेवदर चिकित्सालय में भिजवाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अरविंद पुत्र मांगीलाल निवासी कलापुरा जालोर के रूप में हुई व मृतक के परिवार की मौजूदगी में मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कर परिवार को सौंपा। मृतक पिछले कई सालों से रेवदर में ही कार्य करता था।

विधानसभा चुनावों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

रेवदर। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर गठित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 26 अगस्त को सुबह 10 बजे जिला मुयालय पर स्थित पणिहारी गार्डन में आयोजित होगी। बैठक का आयोजन खान पेट्रोलियम एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया, केबिनेट मंत्री व बानसूर विधायक शकुंतला रावत व सिरोही विधायक संयम लोढ़ा, पूर्व जिला प्रमुख जैसलमेर व जिला प्रभारी अंजना मेघवाल, विधानसभा प्रभारी राघवेंद्र मिर्धा के मुय आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष आनंद जोशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के सभी प्रमुख कांग्रेसजनों, ब्लॉक अध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्षों से चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष आनंद जोशी ने बताया की बैठक में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी करने वाले प्रत्याशियों के आवेदनों लिए जाएंगे। बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त जिला प्रभारी व महासचिव भी उपस्थित रहेंगे।

अकीदत के साथ मनाया जश्ने शहीदे कर्बला

देसूरी। कर्बला के शहीद हजरत इमाम हुसैन की याद में जश्ने शोहदा कर्बला अकिदतों मोहब्बत से मनाया गया। जैतारणिया गेट के अन्दर मौहल्ला जमल कुए पर हर साल की तरह इस साल भी शानदार तकरीर का आयोजन किया गया। सवेरे से ही मौहल्ले में आयोजन को लेकर उत्साह था जो शाम होते होते मेले से माहौल में बदल गया। मुस्लिम समाज की भारी भीड़ और उत्साह से भरे इस प्रोग्राम की शुरुआत रात करीब 9.30 बजे बाद नमाज ए इशा से हुई। जिसमें नात वां मोहमद तौफिक रजा (पाली) ने एक से बढ कर एक नाते पेश कर महफिल को झूमने पर मजबुर कर दिया। मंच पर शहर के सभी मौलाना और उल्लेमा मौजूद थे। मस्जिद तकिया पाटी के पूर्व पेश इमाम मौलाना गुलाम हैदर और वर्तमान पेश इमाम मौलाना मोहमद अकरम खां ने मंच की जिमेदारी संभाली। प्रोग्राम पीर ए तरीकत पीर सैय्यद वाजिद अली शाह जिलानी की सरपरस्ती में आयोजित किया गया। जिसमें जोधपुर से आए अल्लामा मौलाना इदरीस रजा कादरी (मारवाड़ी) ने इमान अफरोज तकरीर पेश की और हजरत इमाम हुसैन की जीवनी और शहादत से जुड़े किस्से सुनाए। मंचासीन मेहमानों का स्वागत हद्दे खां भाटी, मोहमद इकबाल, अब्दुल रउफ एवं मोहमद शरीफ ने गुलपोशी के साथ किया। मदनी कमेटी जमल कुआ की तरफ से आयोजित आयोजन में कमेटी के मोहमद रमजान खां, मोहमद इतियाज, इंसाफ खां, अकरम खां, मोहमद आरिफ, मोहमद हुसैन, इमरान खां, समीर, ताहीर, बरकत, फरीद का सहयोग रहा।

तपस्वी अणसीबाई का जन्मोत्सव 30 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल। कस्बे में मेघवालों के बड़ा वास स्थित बाल तपस्वी अणसीबाई के जन्म स्थल पर 30 अगस्त श्रावण पूर्णिमा (रक्षा बंधन) पर तपस्वी अणसी बाई का 98वां जन्मोत्सव उत्साह से मनाया जाएगा। तपस्वी अणसीबाई के भतीज पुजारी मांगीलाल मेघवाल के अनुसार इस उपलक्ष्य में 29 अगस्तग की रात्रि भजन कार्यक्रम होगा। जिसमें संदीप सेजू दुदौड, गुड्डू मंडार सवराड, आशाराम सेजू की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन बुधवार को सवेरे 8 बजे ढोल ढमाकों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो प्रमुख मार्गों से होते हुए बाल तपस्विनी अणसीबाई समाधी स्थल मंदिर पहुंचेगी। जहां साधु-संतों की उपस्थिति में समाधी पर चादर चढाने की रस्म अदा कर महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम में महामंडेवर स्वामी केवलराम महाराज अप्रोक्ष आश्रम सोजत सिटी, कृष्ण भक्त मामाजी उपासक दाता महेन्द्रसिंह राणावत गादीपति मामाजी धाम गुडा मांगलियान, आचार्य डा. ओम महाराज अप्रोक्ष आश्रम सोजतसिटी, साध्वी पानीबाई करोलिया, रुपाराम महाराज गुरुकृपा आश्रम सोमेसर, समाराम महाराज सेदरिया (जालोर), आचार्य रामलाल अणकिया रामऋषि आश्रम इन्द्रवाडा, ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज अधीक्षण अभियंता मोहनलाल बारुपाल, बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिहं राणावत, देसूरी प्रधान संगीता राजपुरोहित, नाडोल सरपंच फूलकंवर, पीथाराम ग्यावत, मुकेशसिह राजपुरोहित सोनाणा, अमरसिहं राजपुरोहित, नारायणसिंह आकडावास, डा भीमराव अबेडकर मूर्ति अनावरण समिति प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम मेघवाल जोधपुर, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड सदस्य रतन जणवा चौधरी, उदयपुर के पूर्व जिला प्रमुख शांतिलाल मेघवाल, चेनाराम भादरु पिपरला, राजस्थान राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा अधिकारी-कर्मचारी महासंघ प्रदेश महासचिव अजय चौहान, छगनलाल बामणिया चांदराई, नाडोल उप सरपंच भवानीसिंह राजपुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वर गुंदेशा, नाडोल भाजपा मंडल महामंत्री रुपाराम चौधरी, मेघाराम मेघवाल, भूराराम मेघवाल टाडावाडा सोलंकियान, नारलाई सरपंच शेखर मीणा, जाटोगुडा सरपंच घीसुलाल मेघवाल, व्यापार मंडल विकास समिति नाडोल अध्यक्ष जगदीशसिंह राजपुरोहित, समाजसेवी गुलाबराम जोगचंद कवराडा, डुंगाराम तंवर मेवी खुर्द, रघुनाथ पीर ट्रस्ट ढालोप के अध्यक्ष वरदाराम बोस, मंजु मेघवाल बाडसा शिरकत करेंगे।

बिजली कटौती को लेकर भाजपा का प्रदर्शन आज

रानीवाड़ा। विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती को लेकर विधायक नारायणसिंह देवल के नेतृत्व में भाजपा का शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सवेरे 11 बजे डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

अनिश्चितकालीन धरना आठवें दिन जारी

▶ रानीवाड़ा को सांचौर जिले में शामिल करने का मामला

रानीवाड़ा। रानीवाड़ा उपखंड क्षेत्र को सांचौर जिले में शामिल करने को लेकर जारी धरना प्रदर्शन आठवें दिन गुरुवार को जारी रहा। विरोध को लेकर निकटवर्ती मेडा ग्राम पंचायत का सम्पूर्ण बाजार बंद रहा एवं ग्रामीणों ने धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन में शिरकत की। वक्ताओं ने रानीवाड़ा को सांचौर से हटाकर जालोर में यथावत रखने अथवा भीनमाल को जिला बना शामिल करवाने की मांग दोहराई। धरने में विघायक नाराणसिंह देवल, पूर्व विधायक रतन देवासी, पूर्व प्रधान रमिला मेघवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

एनीकट में मिले शव का दूसरे दिन हुआ पोस्टमार्टम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सादड़ी। परशुराम महादेव मेले में जाने के घर से निकले युवक के बुधवार शाम को राजपुरा-माण्डीगढ़ रास्ते पर मामाजी एनीकट में मिला गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सपुर्द किया गया।

पुलिस के अनुसार राणकपुर सड़क मार्ग भरलाई बस्ती निवासी प्रवीन सेन का शव मामाजी एनीकट में तैरता मिला था। सूचना पर ईगल रेस्क्यू टीम ने शव को बाहर निकलवा दिया। लेकिन मृतक के परिवारजन बाहर होने के कारण सादड़ी सीएचसी मोर्चरी में रखवाया था। परिवार जनों के आने के बाद मृतक के भतीज रोहित की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सपुर्द किया।

अधिकारी सकारात्मकता के साथ आमजन को करें लाभान्वित : पार्थ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। जिला कलक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाएं एवं मिशन 2030 अभियान कार्यक्रम के संबंध में बैठक हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी सकारात्मकता के साथ कार्य करते हुए जिले के नागरिकों, महिलाओं एवं वृद्ध जनों को लाभान्वित करें। राज्य की महिलाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के तहत पंजीकरण बढ़ाते हुए अधिक से अधिक संख्या में शहरी व ग्रामीण महिलाओं को स्मार्टफोन मय इंटरनेट कनेक्टिविटी वितरण कर लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद, पंचायत समिति के अधिकारी-कार्मिक आपसी समन्वय स्थापित कर इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने जिले में पेंशन सत्यापन के प्रकरणों का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। आगामी 1 से 6 सितंबर तक होने वाले राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी यथा खेल मैदान, रेफरी, खेल सामान इत्यादि के प्रबंधन सुनिश्चित करने के के लिए कहा। राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मिशन 2030 अभियान के तहत जिले में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पार्थ ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रशेखर भंडारी, एसीइओ गौतम चौधरी, नगर परिषद आयुक्त श्रवणराम चौधरी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूनमचंद विश्नोई सहित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

बागोड़ा। ग्रामीण ओलंपिक खेल के समापन पर एसडीएम डॉ गरीमा शर्मा के मुख्य आतिथ्य व तहसीलदार चमनलाल सियोल के साथ अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शिक्षाविद चयरमैन ग्रुप ऑफ कॉलेज डॉ शैतानसिंह चौहान ने विजेताओं को पुरस्कृत कर शुभकामना दी। बागोड़ा कॉलेज द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल के आयोजन को सराहनीय बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चो को एक नई दिशा प्रदान करते है और पढ़ाई के साथ खेल-कूद मे आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवानाराम विश्नोई समेत छात्र उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर को राज्य स्तरीय टीबी मुक्त राजस्थान सम्मेलन में मिला सम्मान

▶ टीबी उन्मूलन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि पर जालोर को मिला रजत पदक

जालोर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आथित्य में गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास जयपुर में टीबी मुक्त राजस्थान सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में टीबी उन्मूलन क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर जालोर जिला कलक्टर निशांत जैन को रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला कलक्टर निशांत जैन ने बताया कि जालोर जिले के लिए यह गौरव का विषय है कि जिले में क्षय रोग के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए पूरी संवेदनशीलता एवं निष्ठा के साथ प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार व चिकित्सा विभाग की पूरी टीम के संयुक्त प्रयासों से टीबी मुक्त जालोर की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमों द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे करवाकर लक्षण आधारित मरीजों के चिन्हीकरण, उपचार के दौरान समय पर दवाईयां व पोषण का विशेष ध्यान रखने सहित जरूरी सावधानियों के बारे में मरीजों से बातचीत कर जानकारी दी जा रही है।

टीबी उन्मूलन के लिए किए गए प्रयास

डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स का गठन एवं जन भागीदारी के साथ युद्ध स्तर पर टीबी उन्मूलन के लिए लक्ष्य प्राप्ति एवं सुधार के लिए एक्शन प्लान बनाया गया। जिलेभर में बलगम जांच विशेष शिविरों का आयोजन किया गया तथा जांच का दायरा बढ़ाते हुए लक्षण आधारित सर्वे किया गया जिसके माध्यम से रोगियों की पहचान कर अविलम्ब उपचार प्रारंभ कर मरीज के फेफड़ों में सं मण को बढ़ने से रोका गया। साथ ही निक्षय मित्रों के माध्यम से टीबी मरीजों के पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए दानदाताओं व भामाशाहों के सहयोग से आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई। गौरतलब है कि टीबी मुक्त राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वर्ष 2025 का लक्ष्य रखा गया, इसी संदर्भ में जालोर जिले द्वारा एसएनसी में रजत पदक के लिए आवेदन किया गया था। जिस पर आवेदन के प्रमाणीकरण के लिए केंद्र द्वारा नामित एम्स की टीम द्वारा जिले में सर्वे किया गया। सब नेशनल सर्टिफिकेशन में टीबी मरीजों की संख्या की कमी को दर को देखते हुए जिलों को 3 श्रेणियों में वगीकृत किया गया। सब नेशनल सर्टिफिकेशन पर जिले में वर्ष 2015 की क्षय रोग दर के मुकाबले वर्ष 2022 में 40 से 60 प्रतिशत की कमी लाने पर केंद्रीय क्षय अनुभाग भारत सरकार द्वारा जिले को रजत पदक प्रदान किया गया है।

JK LAKSHMI CEMENT Ltd.

पंजीकृत कार्यालय : जेकेपुरम, जिला सिरोही 307019, राजस्थान
कॉरपोरेट कार्यालय : नेहरु हाउस, 4, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110 002
फोन : 011-66001142/66001112, फैक्स : 91-011-23722251/23722021
ई-मेल: www.jklc.customercare@jkmail.com, वेबसाइट : www.jklakshmicement.com,
CIN : L74999RJ1938PLC019511

स्थायी जमा आमंत्रित करता है

योजना 'ए' (गैर-संचित)		योजना 'बी' (संचित)				
अवधि	ब्याज दर प्रति वर्ष (%) सालाना देय	अवधि	ब्याज दर प्रति वर्ष (%) वार्षिक चक्रवृद्धि	न्यूनतम जमा (रु.)	परिपक्वता पर देय राशि (रु.)	प्रभावी उपज प्रति वर्ष (%)
1 साल	6.75	1 साल	6.75	1,00,000	1,06,750	6.75
2 साल	7.25	2 साल	7.25	1,00,000	1,15,026	7.51
3 साल	7.35	3 साल	7.35	1,00,000	1,23,710	7.90

वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) 0.50% को अतिरिक्त ब्याज, कर्मचारियों, अंशधारकों अधिकतम 0.50% को अतिरिक्त ब्याज दिया जाएगा।

फॉर्म डीपीटी-1

परिपत्र अथवा जमा आमंत्रण विज्ञापन के रूप में परिपत्र

(कंपनी (जमा की स्वीकृति) नियम, 2014 की धारा 73 (2) (ए) और धारा 76 और नियम 4 (1) और 4 (2) का अनुवर्ती)

1. **सामान्य जानकारी**

ए. **कंपनी का नाम, पता, वेबसाइट और अन्य संपर्क विवरण : नाम:** जे के लक्ष्मी सिमेंट लि.
पंजीकृत कार्यालय : जेकेपुरम, 307019, जिला सिरोही, राजस्थान
कॉरपोरेट कार्यालय : नेहरु हाउस, 4, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110 002
फोन : 011-66001142/66001112, फैक्स : 91-011-23722251/23722021
वेबसाइट एवं ईमेल : www.jklakshmicement.com, kamal@jkmail.com/ jklc.customercare@jkmail.com

बी. **कंपनी की संस्थापन की तिथि :** 6 अगस्त 1938

सी. **कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) द्वारा शाखाओं या इकाइयों के विवरण के साथ किया जाने वाला व्यवसाय, यदि कोई हो: कंपनी द्वारा :** कंपनी सीमेंट तथा सीमेंट सामग्री के निर्माण/उत्पादन तथा विक्रय में संलग्न है.

इसकी सहायक कंपनी द्वारा :
i) उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड, श्रीपति नगर, सीएफए दाबोक-313022, उदयपुर, राजस्थान (सीमेंट निर्माता)
ii) हंसदीप इंडस्ट्रीज एवं ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड, पेट्रियट हाऊस, 4थी मंजिल, 3, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 (सीमेंट सामग्री का व्यापार)
iii) रामकांता प्रापर्टीज प्रायवेट लिमिटेड, 4 था तल, नेहरु हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 (भूमि प्राप्ती, विकास, भूमि एवं भवन निर्माण, रखरखाव, फ्लैट, अपार्टमेंट्स आदि)

इकाई और अन्य कार्यालय :
i) सीमेंट प्लांट - जेकेपुरम, जिला सिरोही, 307019 (राजस्थान)
ii) सीमेंट प्लांट -मालपुरी खुर्द, अहिवारा, जिला दुर्ग-491001 (छत्तीसगढ़)
iii) सीमेंट ग्राईडिंग इकाई-, मोती भोयान, कालोल, जिला गांधीनगर-382010 (गुजरात)
iv) सीमेंट ग्राईडिंग इकाई- विलेज बाजितपुर, पी.ओ. झमरी, जिला झजर-124507 (हरियाणा)
v) सीमेंट ग्राईडिंग इकाई- ग्राम दस्तान, तालूका पालसाना, जिला सूरत-394310 (गुजरात)
vi) सीमेंट ग्राईडिंग इकाई- विलेज घांतीखल, राधाशामपूर, पी.ओ. खूटूनी, तल, आथागढ़, जिला कटक-754029 (ओड़िसा)
vii) आटोक्लेव एरिअेटेड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक इकाई- विलेज बजितपुर, पी.ओ. झमरी, जिला झजर-124507 (हरियाणा)
viii) आटोक्लेव एरिअेटेड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक इकाई- जौन, अनूप शहर रोड, ग्राम नगौला, अलीगढ़-202126 (उत्तर प्रदेश)

कंपनी के निम्नलिखित क्षेत्रीय कार्यालय हैं :
i) 304, देव आर्क माल, फन रिपब्लिक के पास, इस्कॉन सर्कल, एस.जी. हाईवे, सेटेलाईट, अहमदाबाद-380015
ii) 717ए, जी.टी.रोड, गुरु शरण अस्पताल के सामने, गणेशा बस स्टॉप के नजदीक, भटिंडा 151001
iii) 1/3, राकेश मार्ग, आर.के.बैंक्वेट हॉल के पास, जी.टी.रोड, गाजियाबाद 201001
iv) 305, अपेक्स मॉल, 2री मंजिल, लाल कोठी स्कीम, टोंक रोड, जयपुर- 302015
v) कस्तूरी बिल्डिंग, जमशेदजी टाटा रोड, मुंबई-400020
vi) 5वीं मंजिल, एसीई ग्लोबल, जी.ई.रोड, मिनोचा पेट्रोल पंप के सामने, टेलीबांधा, रायपुर-492001
vii) एचआईजी 25, बीडीए कॉलोनी, जयदेव विहार, भुवनेश्वर- 751013
viii) 4थी मंजिल, प्रिंस कैसल, प्लॉट नं. 105, गजानन टी पॉइंट, छत्रपति चौराहे के पास, नागपूर - 440015

कंपनी के निम्नलिखित आरएमसी संयंत्र हैं :
i) प्लॉट नं. 563/2/2, अश्वमेघ इंड. इस्टेट, एम.एन.देसाई पेट्रोल पंप के सामने, चांगोदर, बावला रोड, अहमदाबाद -382110
ii) प्लॉट नं. 754, दूमद-सावली रोड, गांव-दूमद, वड़ोदरा 391740
iii) प्लॉट नं. डी-25, साइट-बी, सूरजपुर इंडस्ट्रीयल एरिया, ग्रेटर नोयडा 201306
iv) ई-123, मालवीय इंडस्ट्रीयल एरिया, मालवीय नगर, जयपुर 302017
v) ब्लॉक नं. 240पी, एस्सार पेट्रोल पंप के पास, जोलवा, कडोदरा-बारदोली रोड, सूरत 394305
vi) प्लॉट नं. 832, इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-iv, बड़ोनादा, जोधपुर 342012
vii) एफ-196-197, रिक्को इंडस्ट्रीयल एरिया, खुसखेरा, जिला अलवर 301707
viii) प्लॉट नं. ए-519, रोड नं. 7, इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रीयल एरिया, झालवार रोड, कोटा 324005
ix) बी-50, फेज-vi, वर्का मिल्क प्लांट, मोहाली 160055
x) प्लॉट नं. 41 फेज-iii, जीआईडीसी इस्टेट, एनएच नं.8 नरोदा, अहमदाबाद 302330
xi) बी-126ए, रोड नं. 2, फोर्ड शॉरूम के पास, मदारी इंडस्ट्रीयल एरिया, उदयपुर, 313003
xii) प्लॉट नं. ए-16/3, इच्चापोरा, जीआईडीसी, गांव भाटपोर, सूरत 394510

डी) कंपनी के प्रबंधन का संक्षिप्त विवरण
कंपनी का प्रबंधन निदेशक मंडल के अधीक्षण, नियंत्रण और निर्देशन के तहत उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष और निदेशक द्वारा किया जाता है।

ई) निदेशकों का नाम, पता, डीआईएन और पेशा :

नाम	डीआईएन क्र.	पता	पेशा
श्री भरत हरि सिंघानिया (अध्यक्ष)	00041156	पेट्रियट हॉऊस, 3, बहादूर शाह झफर मार्ग, नई दिल्ली-110002	उद्योगपति
श्रीमती विनीता सिंघानिया (उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)	00042983	नेहरू हाऊस, 4, बहादूर शाह झफर मार्ग, नई दिल्ली-110002	उद्योगपति
डॉ. रघुपति सिंघानिया (गैर-कार्यकारी निदेशक)	00036129	पेट्रियट हॉऊस, 3, बहादूर शाह झफर मार्ग, नई दिल्ली-110002	उद्योगपति
श्री अरूण कुमार शुक्ला (अध्यक्ष एवं निदेशक)	009604989	डी-92, गोल्फ कोर्स रोड, डीएलफ सिटी फेज-5, गुड़गांव, हरियाणा, 122011	नौकरी
श्री साधूराम बंसल (निदेशक)	006471984	प्लॉट नं. 29, 2रा माला, सेक्टर 12ए, द्वारका, नई दिल्ली- 110078	बैंकिंग प्रोफेशनल
श्री एन.जी. खैतान (स्वतंत्र निदेशक)	00020588	3, क्रॉस पार्क, कोलकाता-700019	लॉ में अटॉर्नी
श्री रवि झुंझुनवाला (स्वतंत्र निदेशक)	00060972	63, फ्रैंड्स कॉलोनी (पूर्व), नई दिल्ली-110065	उद्योगपति
एमएबी. भसवती मुखर्जी (स्वतंत्र निदेशक)	07173244	सी-135, सर्वोदया एन्क्लेव, नई दिल्ली-110017	एंबेसेडर

एफ) **प्रबंधन की जोखिम वाले कारकों की धारणा :** सीमेंट व्यवसाय प्रकृति में चक्रीय है और अत्यधिक अस्थिर है. सीमेंट की मांग अर्थव्यवस्था, सरकार की नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास और आवास, राजकोषीय उपायों, मानसून और ग्रामीण विकास सहित विभिन्न बाहरी कारकों पर निर्भर है. लॉजिस्टिक और ईंधन लागत में वृद्धि और प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसे पेटकोक, कोयला, फ्लाएस आदि का मार्जिन और लाभप्रदता पर पर्याप्त असर पड़ सकता है.

जी) **निम्नलिखित के पुनर्भुगतान में कमी और वर्तमान स्थिति के दौरान संबद्ध राशि सहित कमी का विवरण :**
i) वैधानिक बकाया: कोई नहीं, कंपनी न्यायाधीन प्राधिकारियों के अलावा उचित प्राधिकारियों के पास वैधानिक बकाया जमा करने में नियमित है।
ii) डिबेंचर और उस पर ब्याज : कोई नहीं.
iii) किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था से लोन और उस पर ब्याज : कोई नहीं

2. **जमा योजना का विवरण :**
ए) **बोर्ड प्रस्ताव के पास होने की तिथि :** 19 मई 2023
बी) **ऐसी जमा का आमंत्रण प्राधिकृत करते हुए आम सभा में प्रस्ताव पास होने की तिथि :** एजीएम 4 सितंबर, 2014 को आयोजित हुई थी.
सी) **जमा के प्रकार, अर्थात्, या सुरक्षित अथवा असुरक्षित :** असुरक्षित
डी) **अधिनियम और उनके अधीन बने नियमों के अनुसार राशि जिससे कंपनी जमा के सहारे प्रगति कर सकती है और इससे पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन पर और परिपत्र अथवा विज्ञापन जारी होने की तिथि पर वस्तुत: आयोजित जमा का योग और जमा की राशि बढ़ाने हेतु प्रस्तावित और अगले बारह माह में पुनर्भुगतान योग्य जमा की राशि :**
राशि जिससे कंपनी जमा के सहारे कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अधीन नियमों के अनुसार प्रगति कर सकती है.

रु. करोड़ में

ए. **सदस्यों से :** (प्रदत्त शेयरपूंजी और मुक्त भंडार एवं सिक्यूरिटी प्रीमियम खाते के कुल योग का 10 %)	269.28
बी. **अन्य जमा :** (प्रदत्त शेयरपूंजी और मुक्त भंडार एवं सिक्यूरिटी प्रीमियम खाते के कुल योग का 25 %)	673.19
कुल	**942.47**
इससे पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन वस्तत: आयोजित जमा के कुल योग की राशि (अर्थात 31.03.2023 को)	65.31
परिपत्र अथवा विज्ञापन जारी होने की तिथि पर वस्तुत: आयोजित जमा का योग	55.81
बढ़ाने को प्रस्तावित जमा की राशि	942.47
अगले बारह माह में पुनर्भुगतान योग्य जमा की राशि	39.24

ई) **जमा बढ़ाने की अवधि :**

योजना 'ए' (गैर-संचित)		योजना 'बी' (संचित)				
अवधि	ब्याज की दर वार्षिक (%) सालाना देय	अवधि	ब्याज की दर वार्षिक (%) तिमाही चक्रवृद्धि	न्यूनतम जमा (रु.)	परिपक्वता पर देय राशि (रु.)	प्रभावी उपज वार्षिक (%)
1 साल	6.75	1 साल	6.75	1,00,000	1,06,750	6.75
2 साल	7.25	2 साल	7.25	1,00,000	1,15,026	7.51
3 साल	7.35	3 साल	7.35	1,00,000	1,23,710	7.90

वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) 0.50% को अतिरिक्त ब्याज, कर्मचारियों, अंशधारकों को अधिकतम 0.50% को अतिरिक्त ब्याज दिया जाएगा।

भुगतान और पुनर्भुगतान की विधि	चेक/ड्राफ्ट/आरटीजीएस/नेफ्ट
एफ) योजना के खुलने की तिथि निर्दिष्ट करते हुए प्रस्तावित समय-सारिणी और अवधि जिसके लिए परिपत्र अथवा विज्ञापन वैध है :	**योजना के खुलने की तिथि :** यह योजना नियामक प्रावधानों के अधीन 2023 मे आयोजित होने वाली एजीएम के अगले दिन के बाद से खुलेगी, 2024 में आयोजित होने वाली एजीएम अथवा अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्ति से छह माह के भीतर जो भी पहले हो तक वैध है.
जी) **जमा बढ़ाने का कारण अथवा उद्देश्य :**	कारोबार संचालन को सहयोग देना.
एच) **प्राप्त क्रेडिट रेटिंग**	
i) क्रेडिट रेटिंग एजेंसी का नाम :	केयर रेटिंग्स लिमिटेड तथा क्रिसील रेटिंग्स लिमिटेड
ii) प्राप्त रेटिंग :	केयर एए; स्थिर (डबल ए आउटलुक: स्थिर) और क्रिसिल एए/स्थिर (स्थिर आउटलुक के साथ क्रिसिल डबल ए रेटिंग)
iii) प्राप्त रेटिग का अर्थ :	साधन को वित्तीय दायित्व की समय पर सेवा संबंधित सुरक्षा का उच्च स्तर होना माना जाता है. ऐसे साधन में बहुत कम क्रेडिट जोखिम होता है.

iv) रेटिंग प्राप्त होने की तिथि : 19.06.2022 तथा 01.02.2023
आई) ऐसी राशि की सुरक्षा हेतु निर्मित या निर्मित किए जाने वाले भार का विवरण यदि हो लागू नहीं
जे) कोई वित्तीय अथवा निदेशकों, प्रोमोटरों अथवा ऐसे जमा में मुख्य व्यवस्थापन कार्मिकों की अन्य सामग्री इंटरेस्ट और उस इंटरेस्ट का अब तक प्रभाव जैसा कि अन्य व्यक्तियों से अलग है. **कोई नहीं**

3. **किसी शेष जमा का विवरण :**
ए) बकाया राशि : **31 मार्च, 2023 को रु. 65.31 करोड़**
बी) स्वीकृति की तिथि : 31 मार्च 2023 को अथवा उससे पहले
सी) स्वीकृत कुल राशि 2022-23 : **रु. 20.94 करोड़**

डी) ब्याज की दर (प्रति वर्ष)	1 साल	2 साल	3 साल
31 मार्च 2023 तक	6.75 %	7.25 %	7.35 %

वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) 0.50% को अतिरिक्त ब्याज, कर्मचारियों, अंशधारकों को अधिकतम 0.50% को अतिरिक्त ब्याज।
ई) जमाकर्ता की कुल संख्या 1287
एफ) कमी, यदि कोई, जमा के पुनर्भुगतान और उस पर ब्याज के भुगतान में, यदि कोई, जमा की संख्या सहित, कमी होने की अवधि और राशि. **कोई नहीं**
जी) जमा द्वारा कोई त्याग, जमा पर प्रोद्भुत ब्याज : **कोई नहीं**

4. **कंपनी की वित्तीय स्थिति :**
ए) कर हेतु प्रावधान बनाने के पहले और पश्चात कंपनी का लाभ, परिपत्र अथवा विज्ञापन जारी होने की तिथि से पहले के तीन वित्तीय वर्ष हेतु.

रु. करोड़ में

समाप्त वित्तीय वर्ष	कर के पूर्व लाभ	कर के बाद लाभ
31 मार्च 2021	496.59	366.24
31 मार्च 2022	558.30	417.56
31 मार्च 2023	481.46	330.23

बी) उक्त तीन वित्तीय वर्ष के संबंध में कंपनी द्वारा घोषित लाभांश, गत तीन वर्ष हेतु ब्याज कवरेज अनुपात (कर प्लस ब्याज भुगतान पश्चात नगद लाभ) :

समाप्त वित्तीय वर्ष	घोषित लाभांश (रु. करोड़ में)	ब्याज कवरेज अनुपात
31 मार्च 2021	44.13